an>

Title: Need to restart the Weaving Mill and Floor Glass Limited in Banda parliamentary constituency, Uttar Pradesh.

**श्री भैरों प्रसाद मिश्र (बांदा)** ः मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत बांदा में स्थित कताई मिल व चित्रकूट जनपद के अंतर्गत बरगढ़ में फ्लोर ग्लास लिमिटेड है, का कार्य काफी दिन से बंद है। इन दोनों उद्योगों से मेरे संसदीय क्षेत्र के लोगों की बेरोजगारी की समस्या का कुछ अंश तक समाधान हो सकता था। लेकिन कताई मिल बंद हो गयी है और फ्लोट ग्लास लिमिटेड के निर्माण का कार्य बंद हो गया है। अस्तु मेरा सरकार से अनुरोध है कि बांदा स्थित कताई मिल को पुनः शुरू कराने हेतु राज्य सरकार से वार्ता कर पहल करने की कृपा करें साथ ही फ्लोट ग्लास लिमिटेड के लिए कार्यदायी एजेंसी से बात कर उसे यथाशीघ्र शुरू कराने की कृपा करें, जिससे इन पिछड़े जनपदों में विकास के द्वार खुल सकें।